तापमान
अधिकतम 30.0 डिग्री
न्यूनतम 18.0 डिग्री

हरिभूमि
रत्न भूमि

रायपुर, शुक्रवार, 15 नवंबर 2024

09 किसानों से धान की खरीदी पारदर्शिता के साथ करें



10 पीएम सूर्यघर योजना से घर में ही 300 यूनिट तक ...





## खबर संक्षेप

### भेण्डरी में मड़ई मेला आज

**नवापारा-भेण्डरी।** ग्राम भेण्डरी में मड़ई मेला का आयोजन रखा गया है। रात्रि में मोर संगवारी लोककला बालोद का सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा। यह जानकारी यादव समाज के अध्यक्ष नोहर यादव ने दी।

### कोरासी में मड़ई आज

**मुड़ागांव(कोरासी)।** छुरा ब्लॉक के ग्राम पंचायत करकरा के आश्रित ग्राम कोरासी में इस वर्ष कार्तिक पूर्णिमा के पावन पर्व पर 15 नवंबर को कार्तिक पूर्णिमा महोत्सव मड़ाई मेला का आयोजन समस्त ग्रामवासीयों की सहयोग से किया जा राह है। इस मड़ाई मेला महोत्सव मे राउत नाचा, ग्राम देवी देवता की पूजा अर्चना व भोजन प्रसादी का वितरण किया जाना है एवं रात्रिकालीन कार्यकर्ता छत्तीसगढ़ी रंगधारा का कार्यक्रम रखा गया है।

### बोड़की में मड़ई आज

**छुईहा बेलर।** ग्राम बोड़की में कार्तिक पूर्णिमा आंवला भात एवं वार्षिक मड़ाई महोत्सव का आयोजन 15 नवंबर को किया जाएगा। इस उपलक्ष्य में दर्शकों की मनोरंजन के रात्रिकालिन कार्यक्रम रंगरसिया छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी लखनपुरी चाराम जिला कांकेर का कार्यक्रम रखा गया है।

### मुड़ागांव में डीजे डांस स्पर्धा आज

**मुड़ागांव(कोरासी)।** छुरा ब्लॉक के ग्राम मुड़ागांव में कार्तिक पूर्णिमा धूमधाम से मनाया जायेगा। इसमें मुख्य अतिथि केशरी नोहर ध्रुव जिला पंचायत सदस्य गरियाबंद, रिखीराम यादव जनपद सदस्य छुरा, विशिष्ट शेष पेज 8 पर

## धान खरीदी : सोसाइटियों में तराजू बांट की पूजा कर धान खरीदी का किया प्रारंभ

# प्रथम दिन फिंगेश्वर में 41 किसानों से 30 लाख, 9 हजार रुपए के धान खरीदे गए



हरिभूमि.न्यूज ▶▶| फिगेश्वर

प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति फिंगेश्वर पंजीयन क्रमांक 685 के तत्व धान में कृषि उपज मंडी फिंगेश्वर उपार्जन केंद्र में छत्तीसगढ़ के विष्णु देव साय सरकार के योजना अनुसार धान खरीदी का शुभारंभ गुरुवार को नेताओं के आतिथ्य एवं किसानों के उपस्थिति में किया गया।फिंगेश्वर सोसायटी मे प्रथम दिन कुल 1 हजार 304 क्विंटल जिसकी राशि 30 लाख, 9 हजार 288 रुपए का धान खरीदा गया। वहीं पर कर्ज वसूली के रूप मे 6 लाख 7 हजार 341 की वसूली की गई। वरिष्ठ भाजपा नेता भागवत हरित रामूराम साहू के आतिथ्य में तथा अति विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष मनीष हरित, नगर पंचायत फिंगेश्वर के अध्यक्ष जगदीश शेष पेज 8 पर

### राजिम में विधायक साहू ने किया धान खरीदी का शुभारंभ

**राजिम।** गुरुवार को राजिम मंडी प्रांगण में विधायक रोहित साहू ने मां लक्ष्मी अन्नपूर्णा माता की पूजा-अर्चना कर धान खरीदी का शुभारंभ किया। इस अवसर पर विधायक श्री साहू ने कहा कि 14 नवंबर को पूरे छत्तीसगढ़ में सीएम विष्णुदेव सरकार ने समर्थन मूल्य में धान खरीदी की शुरूआत बड़े उत्साह के साथ शुरू कराया है। राजिम में भी आज से विधिवत रूप से धान खरीदी की शुरूआत की गई है। कहा कि धान बेचने के लिए पहुंचने वाले किसानों को किसी भी प्रकार से कोई परेशानी का सामना न करना पड़े इस बात का ध्यान अधिकारी और कर्मचारी वर्ग रखे। किसान हमारे अन्नदाता है। बहुत परेशानी और तमाम प्रकार के कष्टो को झेलकर वे धान की ऊपज करते है। मंडी तक लाते है। उन्हें किसी भी प्रकार से असुविधाओं का



सामना करना न पड़े। धान बेचने के दौरान किसी भी प्रकार से कोई परेशानी होती है तो सीधे मुझे बतला सकते है। अपने पुराने दिनों की याद करते हुए कहा कि मै शुरूआती दिनों में खरीदी केंद्र में बोरा सिलाई का काम करता था और आज एक विधायक के रूप में आप सभी के आशीर्वाद से आपके सामने हूं। मै किसानों के मेहनत और परेशानी को भलीभांति समझता हूं। चूंकि एक किसान पुत्र हूं। विधायक श्री साहू ने कहा कि हमारी सरकार जहां 31 क्विंटल की हिसाब से धान खरीदी कर रही है वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी शेष पेज 8 पर

## अधिकारियों का दावा तैयारी पूरी, धान खरीदी केंद्र में अव्यवस्था

**छुरा।** विभिन्न समितियां के माध्यम से धान खरीदी 14 नवंबर को प्रारंभ किया गया। विभिन्न समितियां पर पहुंचने पर पता चला कि धान खरीदी की तैयारी अधूरी है। पहले दिन किसानों ने उत्साह नहीं दिखाई और 2 से 5 किसान ही धान बेचने पहुंचे हैं। आदिम जाति सेवा समिति चरोदा में पहुंचने पर यहां पर बिजली फिटिंग की जा रही थी एवं खरीदी प्रारंभ करते वक्त कैमरा नहीं लगा था। साथ ही साथ प्रसाधन, पानी जैसे अन्य व्यवस्थाएं भी नहीं थी, समिति के प्रभारी बोस चन्द्राकर ने कहा कि हड़ताल में होने की वजह से कुछ तैयारी छूट गई थी जिसे आज पूरा किया जा रहा है। शाम तक



बिजली, कैमरा वह अन्य सुविधा पूर्ण कर लिया जाएगा। यहां पर कल 900 किसान पंजीकृत है जिसमें से लगभग 275 वन अधिकार पट्टा प्राप्त किसानों का पंजीयन हुआ है। यहां पर सिर्फ दो किसानों का टोकन कटा है। जिस पर लगभग 97.60 क्विंटल धान की खरीदी शेष पेज 8 पर

## डंडे से पीट पीटकर पत्नी पत्नी की हत्या, आरोप में पति गिरफ्तार

हरिभूमि.न्यूज ▶▶| फिगेश्वर



फिंगेश्वर थाना के ग्राम करपीदादर में शराबी पति के द्वारा पत्नि के नसीहत को गलत समझकर क्रोध में आकर लाठी-डंडे से पीटकर हत्या कर दी। रिपोर्ट पर फिंगेश्वर पुलिस ने मृत महिला का पीएम कराया। शाट पीएम के आधार पर आरोपी के खिलाफ कार्यवाही करते हुए उसे गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड मे जेल भेजा। गरियाबंद पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर प्रार्थी की रिपोर्ट के चलते फिंगेश्वर थाना प्रभारी पवन वर्मा एवं सब इंसपेक्टर चिंतामनी ने ग्राम करपीदादर पहुंचकर देखा कि ग्राम की महिला राजकुमारी कमार उम्र 37 वर्ष मृत अवस्था में पड़ी है। उसके शरीर मे चोट का निशान है। संदेहास्पद मौत होने के कारण शव को पोष्टमार्टम के लिए चिरघर भेजा गया। वहीं पर मृत महिला के भाई की रिपोर्ट पर मृतिका के पति को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर वह अपना जुर्म कबूल कर दिया। मृत महिला के परिजनों ने बताया कि संतोष कमार के द्वारा हमें फोन पर सूचना दी गई कि राजकुमारी की मौत हो गई है। उसकी काठी कार्यक्रम करना है सभी आ जाओ। हम लोगों ने करपीदादार आकर देखा तो राजकुमारी के शरीर मे चोट का निशान दिखाई दिया जिससे अनुमान लगाया गया कि राजकुमारी की यह स्वाभाविक मौत नहीं हो सकती। शंका के चलते राजकुमारी के भाई ने फिंगेश्वर थाना पहुंचकर उपरोक्त मामले की जानकारी दी। थाना प्रभारी पवनवर्मा ने बताया कि परिजनों ने बताया कि मृतक शराब पीने का आदी था जिसके चलते पत्नि के साथ आये दिन विवाद होता रहता था और यही विवाद राजकुमारी की हत्या के रूप मे सामने शेष पेज 8 पर

हरिभूमि पाठक सूचना

गरियाबंद जिले में

हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9993223300, 8370049468



## खबर संक्षेप

### बिरसा मुण्डा की जयंती पर जिला स्तरीय कार्यक्रम आज



**गरियाबंद।** भगवान बिरसा मुण्डा की जयंती 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाया जायेगा। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के सभी जिले सहित जिला मुख्यालय गरियाबंद में भी जिला स्तरीय समारोह का आयोजन किया जाएगा। इसी तारतम्य में कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने गुरवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिले के जनजाति समाज प्रमुखों की बैठक ली। उन्होंने बैठक में शामिल जनजाति समाज के प्रतिनिधियों को जनजातीय गौरव दिवस को धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाने अपील की। उन्होंने सभी जनजाति सदस्यों को इस उत्सव में शामिल होने के लिए आग्रह करते हुए अपने आसपास के लोगों को भी गौरव दिवस में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित करने की अपील की। जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर 14 एवं 15 नवम्बर को राजधानी रायपुर में भी वृहद स्तर पर कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। उन्होंने इस कार्यक्रम में भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की। इस अवसर पर बैठक में मौजूद जनजाति समाज प्रमुखों ने भगवान बिरसामुंडा की जयंती पर आयोजित जनजातीय गौरव दिवस में उत्साह के साथ शामिल होने की जानकारी दी। इस अवसर पर सहायक आयुक्त आदिवासी विकास नवीन भगत भी मौजूद रहे।

### मुख्यमंत्री ज्ञान प्रोत्साहन के लिए आवेदन 20 तक

**गरियाबंद।** मुख्यमंत्री ज्ञान प्रोत्साहन योजना सत्र 2024-25 के लिए विद्यार्थियों के पंजीयन एवं सत्यापन हेतु पोर्टल पर पंजीयन 20 नवम्बर 2024 तक जारी है। राज्य छात्रवृत्ति पोर्टल डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डॉट स्कूलस्कॉलरशिप डॉट सीजी डॉट एनआईसी डॉट इन पर मुख्यमंत्री ज्ञान प्रोत्साहन योजना सत्र 2024-25 का प्रावधान उपलब्ध कराया गया है। यहां से मेरिट के विद्यार्थियों की सूची भी देखी जा सकती है। बोर्ड परीक्षा के रोल नंबर का उपयोग कर विद्यार्थी स्वयं पंजीयन कर आवश्यक प्रमाण पत्र स्थायी जाति एवं मूल निवासी के एआरएन नंबर का उपयोग कर पोर्टल पर अपलोड कर सकेंगे। 12वीं कक्षा की स्थिति में योजना की शर्तों के तहत महाविद्यालयीन संस्था में अध्ययनरत होना आवश्यक है।

## समस्या : नगर में लगातार पहुंच रहा भालू और लकड़बग्घे

# हाईवे को पार करके भालू पहुंचा बस स्टैंड, मचा हड़कंप, नगर में दहशत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मैनपुर



तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर के भीतर लगातार जंगली वन्यप्राणियों के पहुंचने की खबर समय समय पर मिलते रहता है। बुधवार रात 2 बजे के आसपास एक जंगली भालू तालाब किनारे से होते हुए सीधे नगर के हृदय स्थल बस स्टैंड तक पहुंच गया और साप्ताहिक बाजार के भीतर घुस गया यह भालू की तस्वीर बकायदा सीसीटीवी कैमरे मे कैद हुआ है। जिसके बाद नगर के लोगों में भारी दहशत देखने को मिल रहा है। मैनपुर नगर के वरिष्ठ व्यवसायी हाजी गफ्फू मेमन के घर के चारो तरफ लगाये गये सीसी कैमरे में यह भालू की तस्वीर कैद हुई है।

वहीं मैनपुर नगर में जंगली भालू के आने की खबर से नगर के लोगों में भारी दहशत देखा जा रहा है। वन विभाग द्वारा रात्रि में लोगों की सुरक्षा के लिए वन विभाग कर्मचारियों की ड्यूटी लगायी गई है जो आज गुरूवार शाम से ही नगर मे तैनात दिखाई दे रहे है। ज्ञात हो कि मैनपुर नगर में पिछले तीन माह के भीतर सीसी कैमरे में दो बार भालू की तस्वीर कैद हुई है इसके पूर्व ग्राम पंचायत कार्यालय के तरफ से भालू बैंक ऑफ बडौदा बैंक होते हुए नगर के भीतर प्रवेश किया था। मैनपुर नगर में लगातार वन्य प्राणियों की आने की खबर समय समय पर मिलता रहता है। आये दिनों मैनपुर नगर के जिड़ार मार्ग मुर्गा मछली दुकानों के आसपास शाम होते ही लकड़बग्घा का दिखाई देना आम बात है। लोमड़ी, शांभर, चीतल भी समय समय पर नगर के भीतर प्रवेश करते रहे है लेकिन जंगली भालू काफी खतरनाक होता है जिसके कारण नगर के लोगो मे अपने छोटे छोटे बच्चो की सुरक्षा को लेकर डर देखने को मिल रहा है। साप्ताहिक बाजार एवं कॉम्प्लेक्स शेड के आसपास बड़ी संख्या में बाहर से आने वाले राहगीर रात को खुले मे आराम करते -रहते है जिसके कारण डर बनी हुई है नगर के गली मोहल्लो में स्ट्रीट लाईट भी वर्षो से बंद है जबकि गली मोहल्ले के बिजली के खंबों में बंद पड़े स्ट्रीट लाईटों को तत्काल प्रारंभ करवाना चाहिए।

### मादा भालू ने दिया था बच्चे को जन्म

तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर के अंतिम छोर पुराना जिला सहकारी बैंक का भवन बेहद खंडहर हो गया है और इस भवन में चार माह पूर्व मादा भालू ने दो बच्चों को जन्म दिया था। तब भालू की सुरक्षा को देखते हुए इस मामले को दबा दिया गया था लेकिन चार माह पूर्व भी लगातार मैनपुर नगर के लोगों को नगर के आसपास भालू आसानी से दिखाई देता था लगातार भालू और जंगली जानवरो के नगर के भीतर प्रवेश करने से जहां एक ओर वन्यप्राणियों की सुरक्षा को लेकर खतरा मंडराने लगी है। वहीं दूसरी ओर स्थानीय लोगों की भी सुरक्षा दांव पर लगी हुई है।

### विभाग की टीम नगर में तैनात

वन विभाग मैनपुर के एसडीओ राजेन्द्र प्रसाद सोरी ने बताया मैनपुर नगर में भालू आने की जानकारी मिलते ही वन विभाग की टीम गठित कर नगर में रात्रि के समय तैनात किया गया है।

# आधी रात बैंक का अलार्म बजा मचा हड़कंप, कारण निकला चूहा



**गरियाबंद।** गरियाबंद के पंजाब नेशनल बैंक में बीती रात कुछ ऐसा हुआ जिसने पूरे इलाके में हलचल मचा दी। रात 11:30 बजे अचानक बैंक का सिक्योरिटी अलार्म बज उठा। पुलिस स्टेशन में जैसे ही ये अलार्म की सूचना पहुंची, अफरातफरी मच गई। तुरंत एक पूरी पेट्रोलिंग टीम पुलिस गाड़ियों के साथ बैंक की ओर दौड़ी। लोगों ने भी सोचा कि शायद बैंक में कोई बड़ी चोरी हो गई है। पुलिस के पहुंचते ही ऐसा माहौल बन गया मानो किसी फिल्म की शूटिंग हो रही हो। बैंक में घुसने का कोई निशान नहीं, फिर चोर कहां गए? बैंक के बाहर पहुंचने पर पुलिस टीम को कोई टूट-फूट के संकेत नहीं मिले। न कोई दरवाजा टूटा, न खिड़की से सेंध लगी। इससे पुलिसकर्मी हैरान हो गए कि आखिर अलार्म कैसे बजा। बैंक मैनेजर को भी बुला लिया गया। उन्होंने बैंक खोला और फिर शुरू हुई गहन तलाशी। हर कोना छाना गया, लेकिन कहीं भी कोई सबूत नहीं मिला।

बैंक मैनेजर ने अपनी बात रखते हुए कहा कि, कभी-कभी चूहे मोशन सेंसर को सक्रिय कर देते हैं और अलार्म बज जाता है। इस बात से साफ हुआ कि असली चोर कोई इंसान नहीं, बल्कि छोटे-छोटे चूहे थे। दरअसल, ये चूहे चोर बैंक के सेंसर के साथ इतनी तेजी से छेड़छाड़ करते हैं कि मोशन सेंसर एक्टिवेट हो जाता है और अलार्म बज उठता है।

### दो साल पहले भी हुआ था ड्रामा

यह पहला मौका नहीं था जब इस बैंक में रात के वक्त अलार्म से सनसनी फैलाई हो। दो साल पहले भी बैंक के पीछे से चोरी की कोशिश हुई थी। उस समय पुलिस के अचानक आ जाने से असली चोर खेतों में भाग खड़ा हुआ था, अपनी सब्बल (लोहे का औजार) तक छोड़ गया था।

### गार्ड की अहमियत का अहसास

बैंक मैनेजर को पुलिस ने समझाया कि चूहों और चोरों दोनों से निपटने के लिए बैंक में गार्ड की व्यवस्था जरूरी है। घटनास्थल पर एएसआई देवेंद्र वर्मा, आरक्षक कुंदन जगने और कृष्ण भूषण सरदार उपस्थित थे।

## नवापारा में श्री हनुमंत कथा आज से



**नवापारा-राजिम।** शहर के नवतरंग युवा समिति एवं नवशक्ति बजरंग अखाड़ा द्वारा 15 नवंबर से 17 नवंबर तक शिक्षक कॉलोनी-खोलीपारा में श्री हनुमंत कथा आयोजन किया गया है। कथावाचक काली मंदिर के पुजारी पंडित पदुम पांडे है। कथा का समय दोपहर 1 से शाम 5 बजे तक का रखा गया है। गुरूवार को कलश जलयात्रा निकाली गई जिसमें बड़ी संख्या में मातृशक्तियां शामिल हुई।

## कार्तिक पूर्णिमा पर तीनों नदी के संगम में नदिया मड़ई आज

**राजिम।** आज शुक्रवार को कार्तिक पूर्णिमा के शुभ अवसर पर राजिम संगम में भोलेनाथ कुलेश्वर महादेव मंदिर और लोमष ऋषि आश्रम के बीच नदिया मड़ई का आयोजन होने जा रहा है। राजिम क्षेत्र में इस प्रसिद्ध नदिया मड़ई का बहुत ही ज्यादा महत्व है। नदिया मड़ई के बाद आसपास के गांवों में अब मड़ई का दौर शुरू हो जाएगा। श्रद्धालुजन पुन्नी नहाने के लिए बड़ी संख्या में तड़के 4 बजे पहुंच जाएंगे। फिर यह सिलसिला सुबह के होते तक चलेगा। भक्तजन भगवान श्री राजीव लोचन और भोलेनाथ कुलेश्वर महादेव की पूजा-अर्चना कर अपने परिवार की सुख समृद्धि के लिए मंगल कामना करेंगे। कार्तिक में पूरे महिने भर सुबह स्नान करने वाले आज लोमष ऋषि आश्रम के भीतर आंवला पेंड़ के नीचे आंवला-भात भी खाने के लिए पहुंचेंगे। यह श्रद्धा और विश्वास के चलते कई दशको से होते



चला आ रहा है। इस परंपराको हर देहात क्षेत्र के गांव में आज भी लोग मानते चले आ रहे हैं। खासतौर से वे महिलाएं एवं युवतियां इसे मानती है, जो पूरे कार्तिक माह भर कार्तिक नहाने के लिए तालाब या नदी में जाती है। मालूम हो कि नदी के बीच लगने वाले मड़ई में भारी संख्या में लोग पहुंचेंगे। पूरे नदी क्षेत्र में तरह-तरह की दुकाने सजेंगी। इसी तरह पिकनिक मनाने के लिए भी लोग सपरिवार बड़ी संख्या में यहां आएंगे। धार्मिक नगरी होने के कारण दिन भर मंदिरों में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहेगा।

## एसडीएम की कार पेड़ से टकराई, बाल बाल बचे

**मैनपुर।** मैनपुर गरियाबंद नेशनल हाईवे मार्ग मे मैनपुर से महज 10 किमी दूर धवलपुर के पास देवभोग एसडीएम के स्कॉर्पियों कार पेड़ से टकरा गई और गढ्डे मे जा घुसा जिसे वाहन के सामने हिस्से के परखच्चे उड़ गये। बीती रात गरियाबंद जिला मुख्यालय से देवभोग वापस आ रहे एसडीएम तुलसी दास मरकाम सड़क दुर्घटना के शिकार हो गए उनका स्कॉर्पियो सीजी 30 डी 9997 नेशनल हाइवे 130 सी में धवलपुर के पास अनियंत्रित होकर पलट गई। टक्कर इतना जोरदार था कि वाहन के सामने के हिस्से के परखच्चे उड़ गए। सामने के दोनों एयर बैग खुला हुआ है, जिसके कारण ज्यादा चोटें नहीं आई है। चालक साइड के डोर में खून के निशान पड़े मिले। वर्तमान में वाहन को नाले से बाहर निकाल धवलपुर ढाबे के पास रखा गया है। घटना के बाद तत्काल एसडीएम तुलसी दास



मरकाम व वाहन चला रहे नायब तहसीलदार विजय सिंह को आवाजाही कर रहे मददगार के द्वारा मैनपुर अस्पताल में ले जाकर प्राथमिक उपचार कराया गया। दोनों अफसरों को अंदरूनी मामूली चोट बताया जा रहा है। एसडीएम डॉ. तुलसीदास मरकाम ने बताया कि शासकीय कार्य से गरियाबंद गये हुए थे और दस्तावेज जमा कर वापस लौट रहे थे कि चालक को झपकी आने से वाहन अनियंत्रित होकर वाहन दुर्घटना ग्रस्त हो गया दोनो सुरक्षित है।

## बच्चों ने सीखा निरोगी रहने के गुर



**छुरा।** पतंजलि योग समिति जिला गरियाबंद द्वारा आदर्श विद्यालय प्रांगण में गुरुवार को निःशुल्क योग शिविर का शुभारंभ किया गया। बाल दिवस के अवसर पर बच्चों को निरोग रहने का मूल मंत्र दिया गया। छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष मुरारी राम देवांगन ने कहा कि नियमित योग करने से तन मन स्वस्थ रहता है। हमें प्रतिदिन योगाभ्यास करना चाहिए। भारत स्वाभिमान न्यास जिला प्रभारी संतराम कंवर, एनसीईआरटी के प्रशिक्षक शंकर लाल यद्ु, पतंजलि योग समिति जिला प्रभारी अर्जुन धनंजय सिन्हा ने मंत्रोच्चारण के साथ योगसत्र का आरंभ किया। पतंजलि योगपीठ हरिद्वार से योग की विशेष शिक्षा प्राप्त जिला योग प्रचारक गणेश आजाद ने यौगिक जॉगिंग, सूर्य नमस्कार, प्राणायाम, आसन का अभ्यास कराया। सात्विक आहारचर्या, पोषण युक्त भोजन करने, प्रकृति से जुड़ने का सलाह दिए। अर्जुन धनंजय सिन्हा ने सभी नगरवासियों को शिविर का लाभ लेने का आग्रह किये। शिविर में वात पित्त कफ के संतुलन, रोगानुसार योग सिखाया जाएगा। विभिन्न प्रतियोगिता के दृष्टिकोण से कठिन आसनों का भी पूर्ण अभ्यास कराया जाएगा। योग सत्र में डिगेश्वरी गोस्वामी, प्रवीण सिन्हा, गुंजन सिन्हा, मोहन, आकांक्षा प्रिया, पद्मनी, सोनिया, तानिया, खुमेश, तनुजा अंकिता, हेमलता सहित सैकड़ो शिविरार्थियों ने स्वस्थ जीवन जीने की कला सीखा।

Gomti THRESHERS
किसान की पसंद
6&7 फेन
बुकिंग प्रारंभ
पैडी मल्टीक्राप थ्रेशर
7 पंखों वाला थ्रेशर मात्र 2 लाख से प्रारंभ
4 चक्का एवं 2 चक्का ट्राली भी उपलब्ध
पैरा दूर फेंके
उत्तम धान निकासी
शून्य रखरखाव
एक्सचेंज एवं फाईनेंस सुविधा उपलब्ध
गोमती एग्रो इण्डस्ट्रीज, रायपुर (छ.ग.)
8819840000

## विधायक साहू ने खाद्य गोदामों का लोकार्पण किया व धान खरीदी केंद्र की शुरुआत की



**अभनपुर।** अभनपुर क्षेत्र मे ग्राम बेन्द्री,चंडी,संकरी आदि समितियो मे नवनिर्मित खाद्य गोदाम सहकार्यालय का लोकार्पण एवं धान खरीदी का शुभारंभ विधायक इन्द्रकुमार साहू द्वारा किया गया। इस अवसर पर विधायक श्री साहू ने किसानो को संबोधित करते कहा कि समितियो मे किसानो के धान खरीदी व्यवस्था मे किसी प्रकार की कमी न रहे इसके लिए शासन स्तर पर निर्देश दिये गये है हमारी सरकार द्वारा किसानो से किये गये वादे अनुसार 21 क्विंटल धान 3100 रूपये दर से धान खरीद कर एकमुश्त राशि का भुगतान 3 दिन के अंदर किया जायेगा सरकार द्वारा किसानो के लिए किये गये हर वादे को समय पर पूर्ण कर रही है दो साल का बकाया बोनस देकर किसानो के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दर्शा चुकी है एकमुश्त राशि मिलने से किसान इस पैसे को अपने किसी बड़े काम मे लगा सकते है फसल का अच्छी कीमत मिलने से छत्तीसगढ़ के युवाओ का भी कृषि के प्रति रूझान बढ़ा है हमारी केन्द्र सरकार की योजना है कृषि को उद्योग की तरह ही लाभकारी बनाया जाये केन्द्रीय सहकारिता मंत्री की योजना है कि किसान कृषि के साथ ही पशुपालन,गाय पालन कर आत्मनिर्भर बने कृषि को रोजगार गारंटी मे शामिल करने का विचार चल रहा है। छग के विधानसभा मे इस बार अधिकांश विधायक कृषि क्षेत्र से जुड़े हुये है किसानो की समस्या को सभी मिलकर हल निकालेगे। विधायक श्री साहू ने किसानो से कहा कि किसान अपनी प्राचीन परंपरागत खेती की ओर जाना चाहिए धान के अलावा दलहन,तिलहन खेती को भी अपनाये इससे उनकी आय मे वृद्धि होगी साथ ही शुद्ध दाल,तेल,घी प्राप्त होगा,डेयरी मे 75 प्रतिशत छूट की योजना चल रही है लेकिन इस योजना का लाभ किसान लोग नही ले रहे है प्रायः देखने को मिलता है कि दूध देते तक गाय को रखा जाता है इसके बाद छोड़ दिया जाता है केवल सरकार के भरोसे ग्रामीण व्यवस्था मे सुधार हो पाना संभव नही है।

## पेज 7 के शेष...

### प्रथम दिन फिंगेश्वर...

यादव, युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष राजू साहू पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष दूजलाल बंजारे, पूर्व संचालक पन्ना लाल बंजारे,पूर्व संचालक डोमार सिंह ध्रुव एवं पूर्व कांग्रेस नेता धनराज सूर्यवंशी, पार्षद नरेश लहरे बिसेलाल साहू, मुन्ना साहू, प्रभारी अधिकारी शर्मा, इंजीनियर,पटवारी भोई कोटवार रोहित एवं द्वारिका, मनीष देवांगन, तोमन यद्ु,युवा मोर्चा अनिल कुमार मारकंडे सहित सैकड़ो की संख्या में किसान उपस्थित थे। कार्यकम मे प्रथम धान तौल किसान घनश्याम कश्यप का तौलाई किया गया। शुभारंभ समारोह के अवसर पर सहकारी समिति फिंगेश्वर के प्रबंधक मनोज साहू द्वारा अतिथियों का तिलक लगा कर एवं फूल माला से स्वागत किया गया। पूर्व अध्यक्ष एवं वरिष्ठ भाजपा नेता रामू राम साहू ने संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार के मुखिया एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देशानुसार तथा छत्तीसगढ़ सरकार के योजना अनुसार 14 नवम्बर से धान खरीदी का शुभारंभ किया गया है जो प्रत्येक किसानों को प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान 3100 रुपए दर से खरीदा जाएगा।

### राजिम में विधायक...

का पूरी तरह पालन भी हो रहा है। जो वादा किया गया था उसे बखूबी निभा रहे है,पैसा आपके खाते में 72 घंटे में पहुंच जाएगा। कहा कि एक-एक दाना धान खरीदेंगे, किसानों को कोई तकलीफ नहीं होने देंगे उन्हें हर सुविधा देंगे।

**भाजपा किसान हितैषी पार्टी : जितेंद्र सोनकर-** इस अवसर पर विशेष रूप से मौजूद जिला भाजपा के वरिष्ठतम नेता नगर पंचायत राजिम के अध्यक्ष प्रतिनिधि जितेंद्र सोनकर ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी किसान हितैषी पार्टी है लिहाजा किसानो के हर हितो का ध्यान हर हाल में रखेंगे,किसानो को किसी भी प्रकार से परेशान नही होने देंगे। भाजपा के जिला उपाध्यक्ष महेश यादव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार के घोषणा पत्र के अनुरूप खरीदी का काम हो रहा है। इस अवसर पर क्षेत्र के वरिष्ठ भाजपा नेता ग्राम पंचायत लफंदी के सरपंच प्रतिनिधि वरिष्ठ किसान नेहरू साहू,लोकनाथ साहू, किशोर साहू, कमल सिन्हा,पुरन यादव, जेठुराम सिन्हा,विकास तिवारी ,संजू साहू, झाड़ू साहू, भोले साहू, सुनील देवांगन, घनश्याम साहू, समिति प्रबंधक अमृत साहू ,पर्यवेक्षक कोमल साहू सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद थे। आज प्रथम दिवस किसान मानिक लाल का धान तौल कर खरीदी का शुभारंभ हुआ।

### डंडे से पीट पीटकर ...

आया है। स्वाभाविक मौत नहीं होने की पुष्टि पीएम करने वाले डॉक्टर ने भी शार्ट पीएम रिपोर्ट मे दी है।घटना 12 एवं 13 नवंबर की दरमियानी रात मे घटी है। पुलिस ने आरोपी संतोश कमार 40 वर्ष के खिलाफ धारा 103 बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर गिरफतार किया एवं उसे न्यायालय में पेश किया गया जहां उसे रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

### अधिकारियों का दावा...

आज प्रारंभ किया गया। धान खरीदी शुभारंभ के अवसर पंचायत चरोदा के सरपंच लछन नेताम सहित किसान उपस्थित थे। यहां के प्रभारी ने बताया कि समिति के कर्मचारियों को पांच माह से वेतन नहीं मिला है, शासन द्वारा धान के कमीशन सहित अन्य राशि प्रदान किए जाने पर वेतन दिया जाएगा।

**पांच किसानों का कटा था टोकन -** आदिम जाति सेवा समिति कनसिंघी की समिति प्रभारी ध्रुव ने कहा कि प्रसाधन, पानी कैमरा सहित अन्य तैयारी आज सुनिश्चित किया जा रहा है। कुछ तैयारी पहले की जा चुकी थी। यहां पर पांच किसानों का धान के लिए टोकन काटा था जिसमें 296.40 के धान की खरीदी की गई। उन्होंने बताया कि यहां पर कर्मचारियों को 8 महीने से वेतन नहीं मिला है। शासन द्वारा विगत वर्ष के कमीशन प्रदान करने पर वेतन दिया जाएगा।

### मुड़ागांव में डीजे...

अतिथि गोदावरी शारदा दीवान सभी आमंत्रित अतिथि गण मंच पर आसीन होंगे। अतिथि आगमन तक आदर्श न्यू बाल समाज मानस मंडली की प्रस्तुति होगा। अतिथि स्वागत एवं उद्बोधन के बाद रात्रिकालीन भव्य डीजे डांस प्रतियोगिता का शुभारंभ होना है। जिसमें प्रथम सामूहिक पुरस्कार 10001, द्वितीय 7001, तृतीय 5001, युगल पुरस्कार प्रथम 5001, द्वितीय 3001, तृतीय 2001, एकल पुरस्कार प्रथम 3001, द्वितीय 2001, तृतीय 1001रखा गया है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने बजरंग दल,युवा संगठन एवं समस्त ग्रामवासी जुटे हुए हैं।

Health Town

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वथ्य जीवन का राज)
वैद्य- डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob: 9111922122, 9111912122, 0771-3558564
पता :- B-22, जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

HCC Hearing Care Center IS NOW हिअरज़ॅप™
आज ही मुफ्त श्रवण परीक्षण कराएं।
PHILIPS
47 YEARS OF TRUST
130+ EXPERIENCE CENTRES PAN INDIA
Google Rating
PHILIPS REXTON HEARING AIDS AVAILABLE
9659 455 455
श्रवण यंत्र पर भारी छूट ▸ कोक्लियर इम्प्लांट (परामर्श) ▸ स्पीच थेरेपी
हमारी स्टोर छत्तीसगढ़ में: अंबिकापुर • भिलाई • बिलासपुर • रायपुर • जगदलपुर • कोरबा
MAHARASHTRA | TAMILNADU | KERALA | KARNATAKA | ANDHRA PRADESH
TELANGANA | WEST BENGAL | BIHAR | JHARKHAND | CHHATTISGARH

Trust the Expert
DR. MANOJ AGARWALA'S SKIN & HAIR CLINIC
डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर)
(गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं मुहांसे ❖ सोरायसिस ❖ स्किन एलर्जी ❖ पिगमेंटेशन
विटिलिगो/ ल्यूकोडरमा ❖ पीआरपी थेरेपी ❖ एलोपेसिया
अर्टीकेरिया ❖ फंगल इनफेक्शन ❖ टेली कंसलटेशन ❖ लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छ.ग.)
0771-4003777, 77778-76292

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130



## श्यामनगर में जिपं सदस्य चंद्रशेखर ने किया धान खरीदी का शुभारंभ

**राजिम।** राजिम क्षेत्र के श्यामनगर उपार्जन केंद्र में वरिष्ठ भाजपा नेता जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू ने मां अन्नपूर्णा की पूजा-अर्चना कर क्षेत्र के किसानो की मौजूदगी में धान खरीदी का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होने किसानो को धान पर्व की बधाई देते हुए कहा कि बड़ा सौभाग्य की बात है कि भाजपा सरकार के मुखिया विष्णुदेव ने समर्थन मूल्य में 31 क्विंटल धान खरीदी कर रही है। किसान बेहिचक अपना धान लेकर खरीदी केंद्र में पहुंचे। उन्हें यहां किसी भी प्रकार से कोई तकलीफ नहीं होने दी जाएगी। धान बेचने के लिए आने वाले किसानो को किसी भी तरह से परेशान न होना पड़े। किसानों के लिए छांव और पानी का पर्याप्त इंतजाम हो।

## देवरी में सरपंच ने किया शुभारंभ

**राजिम।** देवरी धान उपार्जन केंद्र में सरपंच भागवत साहू ने धान खरीदी का शुभारंभ किया। इस अवसर पर किसान लेखराम साहू 12 क्विंटल 80 किलो धान लेकर पहुंचा था। कार्यक्रम में किसान कमलेश साहू,मदन साहू, मनीराम साहू, नंदकुमार साहू, खेमन साहू, नायब तहसीलदार श्री ध्रुव, पटवारी श्री बघेल सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद थे। यहां किसानों को नमकीन के साथ लायचीदाना दिया गया।



## भेण्डरी एवं चंदना में धान खरीदी केंद्र का हुआ शुभारंभ



**नवापारा-भेण्डरी।** भेण्डरी एवं चंदना में स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं किसानों की मौजूदगी में छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा-अर्चना कर धान खरीदी केंद्र का शुभारंभ किया गया। भेण्डरी में 17 किसानो ने 800 सौ क्विंटल एवं चंदना में 20 किसानों ने 864 क्विंटल धान बेचा। इस अवसर पर भेण्डरी समिति प्रबंधक कार्तिक साहू तथा चंदना में सोसायटी प्रबंधक धनी निषाद सहित सरपंच प्रीतराम देवांगन ,गिरीश साहू, नीलकंठ सिन्हा,डोशन सिन्हा, घनश्याम साहू, मानसमणी देवांगन, रोहित पटेल, कृपा ध्रुव, चुम्मन साहू ,सुरेश साहू, अशोक साहू, दशरथ साहू, श्याम साहू, कुसुमलता साहू, बागेश्वर सोनकर, टोमन साहू, डारेन्द साहू, संगीता ध्रुव, नीरा साहू मौजूद थे।

## गुण्डरदेही सोसायटी में धान खरीदी का हुआ शुभारंभ



**फिंगेश्वर।** सहकारी समिति के माध्यम से धान खरीदी का शुभारंभ गुरुवार को हुआ। इसी कड़ी में फिंगेश्वर विकासखंड के अंतर्गत सहकारी समिति गुण्डरदेही में किसानों के उपस्थिति में तराजू बांट की पूजा अर्चना कर धान खरीदी प्रारंभ हुआ। इस अवसर पर प्रमुख रूप से किसान नेता भुनेश्वर साहू, सलाल साहू, लखन लाल साहू, गैंद लाल यादव, कमल भारती, प्यारे लाल सोनकर, बंशीराम, नेतराम साहू, सियाराम ध्रुव, लेखराम साहू, रामकिसून साहू, अशोक साहू शोभाराम साहू, उबेलाल निषाद, आनंद राम साहू प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## नवापारा में छन्नू ने किया शुभारंभ



**नवापारा-राजिम।** नवापारा ऊपार्जन केंद्र में छन्नू साहू ने धान खरीदी का शुभारंभ कांटा एवं धान की पूजा-अर्चना कर किया। यहां पहले दिन 38 किसान धान बेचने पहुंचे। जिसमें केजऊ साहू, मनोज साहू, संतोष साहू, शंकर निषाद, ललित देवांगन, राजू साहू, झालू राम ,उमाशंकर, बिटावन सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद थे।

## गरियाबंद में कथावाचक युवराज पांडे का स्वागत

**गरियाबंद।** कथावाचक आचार्य युवराज पांडे का गरियाबंद में स्वागत किया गया। जैसे ही उनके नगर में आगमन की खबर फैली, उनके अनुयायियों की भीड़ उमड़ पड़ी। शहरवासियों ने जगह-जगह खड़े होकर उनके स्वागत में फूल बरसाए। रायपुर प्रवास से लौटने पर तिरंगा चौक पर जगन्नाथ प्रेमी ग्रुप ने उनका भव्य स्वागत किया। आचार्य युवराज पांडे जैसे ही गाड़ी से उतरे, उन्होंने हाथ जोड़कर श्रद्धालुओं का अभिवादन किया, और इस दौरान भक्तों ने आतिशबाजी और फूलों की बारिश कर उनका अभिनंदन किया। इसके बाद नगर भ्रमण करते हुए



आचार्य युवराज पांडे श्री राम जानकी मंदिर पहुंचे। जहां उन्होंने श्री जगन्नाथ स्वामी, सुभद्रा माता, और बलभद्र स्वामी की प्रतिमाओं का पूजन-अर्चन किया। उनके स्वागत में नगर के अनेक श्रद्धालु और अनुयायी शामिल हुए, और पूरे नगर में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला।

**धान खरीदी : अपर मुख्य सचिव ने धान खरीदी केंन्द्रों चरौदा का किया आकस्मिक निरीक्षण**

# किसानों से धान की खरीदी पारदर्शिता के साथ करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶। छुईहा बेलर



प्रदेश के किसानों से धान खरीदी योजना राज्य सरकार की सवोच्च प्राथमिकताओं में से मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन में गुरूवार से धान की समर्थन मूल्य पर खरीदी शुरू की गई है। धान खरीदी के लिए जिले में सभी आवश्यक तैयारी पूर्व से कर ली गई है। आज खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव ऋचा शर्मा एवं कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने धान खरीदी केंद्र पाण्डुका और धान संग्रहण केन्द्र कुण्डेलभाठा का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने किसानों की सुविधा और खरीदी प्रक्रिया की सुचारु व्यवस्था का जायजा लिया। किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए उन्होंने किसानों के बैठने, पानी, शौचालय, बारदाना और छाया जैसी आवश्यक सुविधाओं की भी जानकारी ली। साथ ही धान की तौल में पारदर्शिता, फसल की गुणवत्ता की उचित जांच और किसानों के लिए त्वरित भुगतान सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अधिकारियों को सख्त दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान ऋचा शर्मा ने धान बेचने आये किसानों से चर्चा की। उन्होंने धान खरीदी केन्द्रों में किसानों के फीडबैक लिया और कहा कि किसी प्रकार की समस्या होने पर प्रशासन को सूचित करें। उन्होंने इलेक्ट्रॉनिक तराजू से धान खरीदने की प्रक्रिया और बायोमेट्रिक व्यवस्था का निरीक्षण किया। श्रीमती शर्मा ने कहा कि यह सुनिश्चित करें की सभी किसानों का बायोमेट्रिक हो, सर्वर डाउन होने की उपस्थिति में अन्य विकल्पों द्वारा किसानों का सत्यापन करें।

निरीक्षण के दौरान श्रीमती शर्मा ने धान खरीदी केन्द्रों में सीसीटीवी, फायर सेफ्टी, कम्प्यूटर, प्रिंटर, सुरक्षा गार्ड रखने के निर्देश दिए। उन्होंने किसी भी बिचौलिये से धान खरीदी करने से बचने तथा अवैध खरीदी न हो इसका विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। इस अवसर पर खाद्य विभाग के उप सचिव जीएस सिकरवार, अपेक्स बैंक के नोडल अधिकारी एसपी चन्द्राकर, एसडीएम विशाल महाराणा, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के नोडल अधिकारी श्री प्रहलाद पुरी गोस्वामी, जिला विपणन अधिकारी अमित चन्द्राकर, सहायक आयुक्त सहकारिता डॉ. उषा ध्रुव, खाद्य अधिकारी श्री सुधीरगुरू सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## रसेला उपार्जन केंद्र में 27.71 लाख रुपए की खरीदी हुई



**रसेला।** किसानों के धान की समर्थन मूल्य पर 14 नवंबर को सभी सहकारी समितियों में धान खरीदी की शुरुआत किया गया। धान खरीदने के लिए शासन प्रशासन कर्मचारी, अधिकारी कमर कस लिए है। इसी कड़ी में धान उपार्जन केन्द्र रसेला में सभी अतिथियों द्वारा धान, इलेक्ट्रॉनिक कांटा की विधिवत पूजा अर्चना कर किया गया। रसेला मंडी में 14 नवंबर को 21 लाख 99 हजार 6 सौ रूपए का 13 किसानों ने बोहनी किया गया।

कुल धान खरीदी मोटा धान 515.20 क्विंटल, सरना 6 क्विंटल, पतला धान 678 क्विंटल की खरीदी की गई। पहला दिन कुल खरीदी 1100 क्विंटल की हुई। प्रभारी प्रबंधक पंकज कुमार यादव ने बताया कि कुल राशि 27 लाख 71 हजार 7 सौ रूपए हुआ। जिसमें समिति द्वारा किसानों को दिया गया ऋण वसूली 5 लाख 72 हजार 48 रूपए की गई। कृषकों को नगद भुगतान 21 लाख 99 हजार 6 सौ रूपए खाते में जमा होगा। इस मौके पर जनपद सदस्य हेमलता ध्रुव, थानेश्वर कंवर, सरपंच बिग्रेद्र ठाकुर, उपसरपंच परमेश्वर यादव, ग्राम पटेल लोकराम यादव, मंडल महामंत्री शिवशंकर जयसवाल, भाव सिंह मरकाम, नारायण सिंह ठाकुर, भूवेन्द्र मरकाम, झवर अग्रवाल, जनकराम ध्रुव, कृष्णा गुप्ता, भीखम साहू, कमलेश्वर नायक, दयाराम नागेश, रामेश्वर सिन्हा, घनश्याम साहू, भीखम साहू, शिवदास मानिकपुर, धनसाय ध्रुव, रयात ठाकुर, नंदकिशोर यादव, केजराम ध्रुव, अनीस मेमन, गमसिग दीवान, टेसनिषाद, सहित क्षेत्र सभी कृषक बंधु व समिति के कर्मचारी उपस्थित थे।



**खबर संक्षेप**

### गेलेक्सी स्कूल में उत्साह के साथ मनाया बाल दिवस



छुरा। नगर के गेलेक्सी इंग्लिश मीडियम स्कूल में बाल दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पूजा अर्चना के साथ प्राचार्य अर्चना चंद्राकर एवं शिक्षकों द्वारा किया गया। कार्यक्रम में बच्चों के लिए विभिन्न कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। उन्हें पुरस्कार भी प्रदान किया गया। कार्यक्रम के बारे में प्राचार्य अनीता चंद्राकर सहित समस्त शिक्षक शिक्षकों ने बताया कि बाल दिवस पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के जन्म दिवस पर मनाया जाता है और उनका उद्देश्य के बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु उन्हें पर्याप्त अवसर मिले। अनीता चंद्राकर प्राचार्य, कक्षा 8 वीं के छात्र लुकेश, सालोमन, आयुष, डेविड, पंकज,नीलकमल, युवराज, झांसी, ईशा, आकृति, भूमिका, पायल, हिमांशी नेबाल दिवस पर विचार रखे।

### सेंट जॉन्स स्कूल में मनाया गया बाल दिवस



छुरा। नगर में स्थित सेंट जॉन्स इंग्लिश मीडियम सीबीएसई स्कूल में गुरुवार को धूमधाम से बाल दिवस मनाया गया। प्रति वर्ष की तरह इस वर्ष भी संस्था में बाल दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सांस्कृतिक कार्यक्रम, म्यूजिकल चेयर, बैलून ब्लास्टिंग, कला और भी अलग-अलग तरह के कार्यक्रम हुआ। संस्था के सभी बच्चे इसमें सब अपना अपना प्रस्तुति अच्छे से दिए। इस बीच संस्था के प्राचार्य बिंदू जॉर्ज जेकब ने समस्त बच्चे को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती के रूप में मनाया जाता है, जो बच्चों के प्रति अपनी विशेष स्नेह व लगाव की भावना के लिए प्रसिद्ध थे। बच्चे उन्हें चाचा नेहरू कहकर बुलाते थे। चाचा नेहरू के लिए बच्चों का विकास और उनकी देखरेख राष्ट्रीय प्रगति का प्रमुख हिस्सा था। वे मानते थे कि बच्चे ही देश का कल हैं। इस कार्यक्रम के अंत में उपस्थित संस्था प्रमुख जॉर्ज जैकब, प्रबंधक आशीष जॉर्ज जैकब, अकादमिक निर्देशक सुमंत कुमार आचार्य, प्राचार्य बिंदू जॉर्ज जेकब सभी शिक्षक शिक्षिकाओं एवं समस्त कर्मचारी सभी बच्चे को धन्यवाद अर्पित करते हुए उप प्राचार्य लोवित रत्नाकर कार्यक्रम का समापन कराए।

**योजना : कलेक्टर ने लोगों को जागरूक करने 8 वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना**

# पीएम सूर्यघर योजना से घर में ही 300 यूनिट तक बिजली का होगा उत्पादन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद



केन्द्र सरकार द्वारा लोगों के घर में ही बिजली उत्पादन कर उन्हें मुफ्त बिजली का लाभ देने प्रधानमंत्री सूर्यघर बिजली योजना का संचालन किया जा रहा है। इस योजना के तहत लोगों को अपने घरों में रूफटॉप सोलर प्लांट लगाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसी तारतम्य में गुरुवार को कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने लोगों को पीएम सूर्य घर योजना के संबंध में जागरूक करने 8 जागरूकता वाहन को कलेक्टर परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जिले में कुल 17 नग फ्यूज ऑफ कॉल वाहनों के माध्यम से ग्रामीण एवं शहरी इलाकों में ऑडियो संदेश एवं पोस्टर, बैनर, फ्लैक्स के माध्यम से लोगों को इस योजना का लाभ लेने के लिए जागरूक किया जायेगा। इस दौरान कलेक्टर अग्रवाल ने लोगों को पीएम सूर्य घर योजना का लाभ लेने के लिए अपने घरों में रूफटॉप सोलर प्लांट लगाने की अपील की। इस योजना से घर में ही बिजली उत्पादन होने से मुफ्त बिजली का लाभ मिल सकेगा। घर में सोलर सिस्टम लग जाने से सूर्य की रौशनी से ऊर्जा का उत्पादन होगा। जिससे लोगों को घरेलु उपयोग के लिए मुफ्त में बिजली मिल सकेगी। इस योजना के तहत तीन किलोवाट क्षमता के रूफटॉप सोलर संयत्र स्थापित करने से प्रतिमाह 300 यूनिट तक बिजली उत्पादित होगी। शासन द्वारा बिजली उपभोक्ताओं को अपने घरों में 1, 2 एवं 3 किलोवाट क्षमता के संयत्र स्थापित करने की सुविधा दी रही है। इसमें उपभोक्ताओं को शासन की ओर से विशेष रियायत भी दी जायेगी। साथ ही शेष राशि को बैंक के माध्यम से चुकाने के लिए ऋण भी प्रदान किया जयेगा। कलेक्टर ने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना का उद्देश्य नागरिकों को सस्ती और स्थायी ऊर्जा मुहैय्या कराना है। प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना सौर पैनलों के माध्यम से घरेलू उपयोग के लिए ऊर्जा उत्पन्न करने पर जोर देती है।

**लोगों को पीएम सूर्यघर योजना का दिलाए लाभ**

कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने पीएम सूर्यघर योजना के संबंध में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बिजली विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने लोगों को शासन की महत्वाकांक्षी पीएम सूर्यघर योजना का लाभ दिलाने सक्रियता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि इस योजना के तहत घर में ही सोलर सिस्टम के माध्यम से बिजली पैदा होगी। जिससे लोगों को निःशुल्क बिजली का लाभ मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि योजना से जोड़ने अधिक से अधिक बिजली उपभोक्ताओं को योजना के बारे में जानकारी दी जाए। साथ ही उन्हें योजना के तहत आवेदन करने और सोलर सिस्टम लगाने प्रोत्साहित किया जाए। उन्होंने समयबद्ध तरीके से कार्य योजना बनाकर सभी उपभोक्ताओं से संपर्क कर व्यापक प्रचार-प्रसार करने के भी निर्देश दिए। साथ ही सभी क्षेत्रों में विशेष कैम्प लगाकर बिजली उपभोक्ताओं को जोड़ने विशेष जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए।

## कार्तिक पूर्णिमा और नानक जयंती आज



हरिभूमि न्यूज ⏭ रसेला

प्रत्येक महीने में एक बार पूर्णिमा तिथि आती है जिनमें कार्तिक महीने में आने वाली पूर्णिमा तिथि का विशेष महत्व है। प्रत्येक वर्ष कार्तिक मास की शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि को कार्तिक पूर्णिमा कहा जाता है। इस वर्ष 15 नवंबर को यानी आज क्षेत्र में कार्तिक पूर्णिमा धूमधाम से मनाया जाएगा।

यह त्योहार दीपावली के पंद्रह दिनों बाद कार्तिक पूर्णिमा के दिन मनाया जाता है। सनातन धर्म में कार्तिक पूर्णिमा एक विशेष उत्सव और त्योहार का प्रतीक है, यह शुभ दिन लोगों के जीवन में सकारात्मक और शुभ परिणाम लेकर आता है। इस दिन गंगा समेत पवित्र नदियों में स्नान भी किया जाता है, इसके साथ ही इस दिन दीप दान का भी विशेष महत्व होता है।

इस दिन क्षेत्र में आंवला के पेड की पुजा अर्चना कर एक जगह एकत्रित होकर भगवान भोलेनाथ की विशेष पूजा आराधना कर प्रसादी ग्रहण करते हैं। नानक जयंती सिख समुदाय के सबसे महत्वपूर्ण त्योहारों में से एक है, यह पर्व हर साल कार्तिक माह की पूर्णिमा के दिन मनाया जाता है, इसे गुरूपर्व या प्रकाश पर्व भी कहा जाता है। इस वर्ष गुरु नानक जी की 555 वीं जयंती मनाई जाएगी। कहा जाता है कि गुरु नानक देव जी का जन्म साल 1469 में कार्तिक पूर्णिमा के दिन हुआ था, तब से लेकर आज तक हर साल कार्तिक पूर्णिमा के दिन उनकी जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाईं जाती है।

## जांच नाका सूना-अधिकारी ने कहा कार्रवाई करेंगे



छुरा। धान के अवैध बिक्री, भंडारण रोकने के लिए छत्तीसगढ़ -उड़ीसा सीमा पर जांच नाका बनाया गया है। जहां पर विभिन्न विभाग के कर्मचारियों के तैनाती किया गया है जो 24 घंटा उपस्थित रहकर उड़ीसा से आने वाले धान को रोकने एवं आवश्यक कार्य करने के लिए नाका बनाया गया है,। छुरा के उड़ीसा सीमा से लगे चुरकीदादर, कोठीगांव ,मेढकी डबरी में नाका का निर्माण किया गया है। लेकिन गुरुवार को धान खरीदी के दिन इन नाकों पर पहुंचने पर जिन कर्मचारियों के ड्यूटी लगाई गई है वे सभी कर्मचारी अनुपस्थित मिले। सभी प्रकार के गाड़ी बिना रोक-टोक के चलती रहे। इससे पता चलता है कि आदेश सिर्फ कागजों पर चलते हैं जबकि धरातल पर जाए तो वहां पता चलता है कि वहां देखने वाला कोई नहीं है। ग्राम चूरकी दादर उड़ीसा सीमा से लगा है यहां पहुंचने पर पता चला कि ग्राम कोसमी का कोतवाल कभी-कभी आ जाता है बाकी अन्य कोई भी कर्मचारी अभी तक नहीं आया है। यहां पर वनविभाग द्वारा वनों पज जांच नाका लगाया गया है। वहां पर तैनात कर्मचारियों ने बताया कि वन विभाग द्वारा सिर्फ वन उपज की जांच की जाती है अन्य की जांच नहीं की जाती, धान के अवैध परिवहन रोकने के लिए अभी तक के कोई भी कर्मचारी यहां पर नहीं आया है। इस तरह ग्राम कोठी गांव पहुंचने पर वहां के नाका में सचिव रामखेलावन, कोटवार से उपस्थित है। उन्होंने कहा कि उनकी ड्यूटी दोपहर 1:00 बजे तक है उसके पश्चात उनकी ड्यूटी नहीं है। वहां के कोटवार ने बताया कि यहां पर अन्य सचिव लक्ष्मण भोई की ड्यूटी लगाई गई है। लेकिन लक्ष्मण भोई किसी भी दिन उपस्थित नहीं रहता है। विगत वर्ष भी उनकी ड्यूटी रात को लगाई गई थी लेकिन एक भी दिन ड्यूटी में नहीं आए और इसकी जानकारी लगातार उच्च कार्यालय को दी गई लेकिन किसी भी प्रकार की कार्यवाही नहीं हुई। यहां पर तीन चार शिफ्ट में कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। लेकिन कोई भी गंभीरता से सीमा पर तैनात नहीं है। इसी तरह ग्राम मेढ़कीडबरी में नाका लगाया गया है। यहां पर भी कोई भी जिम्मेदार कर्मचारी उपस्थित नहीं है। यहां के सचिव रामचंद्रध्रुव से फोन पर चर्चा करने पर कहां की मेरी ड्यूटी लगी है। लेकिन मैं मितानिन सम्मान कार्यक्रम में हूं। अभी ड्यूटी स्थल नाका पर नहीं हूं। इसे पता चलता है कि धान की अवेध परिवहन रोकने पर के लिए प्रशासन कितना गंभीर है।

**अनुपस्थित कर्मचारी पर होगी कार्रवाई**

*रमेश मेहता तहसीलदार छुरा ने कहा कि धान का अवेध परिवहन रोकने के लिए पंचायत के सचिव, रोजगार सहायक, कोटवार की ड्यूटी 8 घंटे के लिए लगाई गई है और 8 घंटे के पश्चात दूसरे लोगों को ड्यूटी लगाई गई है। लेकिन जहां पर ड्यूटी में तैनात कर्मचारी अनुपस्थित थे। उनके खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।*

## अवैध निर्माण पर चला प्रशासन का बुलडोजर



मैनपुर। तहसील मुख्यालय मैनपुर के एक शासकीय नर्स क्वाटर पर कब्जा कर स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी द्वारा पक्का मकान का निर्माण किया जा रहा था। इस मामले की शिकायत ग्राम पंचायत मैनपुर द्वारा किया गया था कि वार्ड क्रमांक 8 में शासकीय नर्स क्वाटर था। इस शासकीय भूमि नर्स क्वाटर पर स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी गेंवरचंद कुर्रे रहता था। सेवा निवृत्त पश्चात उक्त शासकीय भवन को तोड़कर पक्का मकान का निर्माण गेंवरचंद कुर्रे द्वारा किया जा रहा था। उक्त मकान कार्य पर रोक लगाकर कब्जा हटाने संबंधी आवेदन तहसील न्यायालय को प्राप्त होने से प्रकरण में दर्ज कर सुनवाई पश्चात 29 अक्टूबर को आदेश पारित किया गया। उक्त आदेश के परिपालन मे दो दिवस के भीतर कब्जा हटाकर न्यायालय को अवगत कराने कहा गया था लेकिन संबंधित द्वारा अवैध कब्जा नही हटाने से गुरुवार को मैनपुर तहसीलदार गैंदलाल साहू के उपस्थिति मे बुलडोजर के माध्यम से अवैध कब्जा को हटाया गया और शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त किया गया। इस दौरान तहसीलदार गैंदलाल साहू, थाना प्रभारी शिव शंकर हुर्रा, सचिव संजय नंदाल, जनपद सीईओ डीएस. नागवंशी, सरपंच बलदेव राज ठाकुर, पटवारी नरेश ध्रुव एवं राजस्व व पुलिस विभाग के अमला उपस्थित थे। मैनपुर तहसीलदार गैंदलाल साहू ने बताया अवैध अतिक्रमण की शिकायत किया गया था जिसके आधार पर आज अवैध अतिक्रमण को हटाया गया है और शासकीय भूमि को कब्जा मुक्त किया गया है।

## समर्थन मूल्य पर धान खरीदी प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर



राज्य सरकार द्वारा 14 नवंबर से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी प्रारंभ किया गया। मैनपुर क्षेत्र के धान खरीदी केन्द्र गौरघाट मे भाजपा जिला उपाध्यक्ष पंडित योगेश शर्मा ने पूजा अर्चना कर धान खरीदी का शुभारंभ किया गया। इस दौरान श्री शर्मा ने कहा छत्तीसगढ़ के विष्णुदेव सरकार गांव गरीब किसानों की सरकार है और आज से धान खरीदी प्रारंभ किया गया है किसानों की मेहनत का पूरा मुल्य राज्य सरकार देने प्रतिबद्ध है। किसानों के चेहरे मे खुशी देखते ही बन रही है। इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष दुलार सिन्हा, प्रेमसाय जगत, सरपंच खेलन दीवान, बलिराम ठाकुर, छबि दीवान, गयचंद कोमर्रा, गुमान ठाकुर, रायसिंह ध्रुव, शाखा प्रबंधक दुष्यंत इंगले, दिनेश कमलेश, शशिकांत पटेल, योगेन्द्र मांझी, लोकसिंह, फगनू राम सांडे, नरेश कुमार, लोचन सिंह, घनश्याम नेताम, सोपसिंह यादव, गोपी नेताम, निर्भय पांडेय एवं बड़ी संख्या मे किसान उपस्थित थे।

**जेंजरा में सरपंच ने किया शुभारंभ**

राजिम। राजिम क्षेत्र के ग्राम जेंजरा में महिला सरपंच हीरामनी साहू, महेश साहू, जालम साहू, प्रमोद साहू, डॉ. दिलीप साहू ने उपार्जन केंद्र में मां अन्नपूर्णा की पूजा-अर्चना कर धान खरीदी का शुभारंभ किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में किसान मौजूद थे।





**छुरा उपार्जन केंद्र में धान खरीदी का हुआ शुभारंभ**

छुरा। उपार्जन केंद्र छुरा में गुरुवार को नगर पंचायत अध्यक्ष खोमन चंद्राकर, तहसीलदार रमेश मेहता, मान सिंग निषाद, नरोत्तम साहू, विशेसर दीवान, भरत साहू, गणमान्य नागरिक द्वारा पूजा अर्चना कर धान खरीदी का शुभारंभ किया गया। समिति के रामकरण त्रिवेदी, यशवंत यादव सहित किसान उपस्थित थे।

## छात्राओं को गुड टच बेड टच की जानकारी दी गई



हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

बाल दिवस के अवसर पर गुरुवार को आदर्श विद्यालय के बच्चों को महिला सुरक्षा की विस्तृत जानकारी दी गई। थाना प्रभारी दिलीप मेश्राम के निर्देश पर पुलिस थाना छुरा के एएसआई संतराम यादव, एचसी कृष्ण कुमार गिलहरे, आरक्षक नूतन दीवान, महिला आरक्षक लता पटेल द्वारा बालिकाओं को गुड टच बेड टच की जानकारी प्रदान की गई। अभिव्यक्ति एप, पॉक्सो एक्ट, महिला सुरक्षा, बालिकाओं के विशेषाधिकार सहित विभिन्न विधि सम्मत जानकारी विस्तार से बताई गई।

वरिष्ठ शिक्षक मुरारी राम देवांगन ने थाना परिवार का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए यातायात सुरक्षा एवं अन्य कानूनी जानकारी देने हेतु पुनः विद्यालय आगमन का निवेदन किए। इस अवसर पर प्रधानपाठक निर्भय राम ठाकुर, शिक्षक उमेश कुमार ढीढी, अर्जुन धनंजय सिन्हा, तरुण साहू, शीतल चंद्राकर, करुणा वर्मा, छात्राध्यापिका सुनंदा भारद्वाज, नीलम मरकाम, स्टाफ पीली बाई, प्रतिमा शर्मा सहित विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।

## अभाविप की बैठक में की कार्यकारिणी की घोषणा

अभनपुर। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद अभनपुर इकाई नगर कार्यकारिणी की बैठक संपन्न हुआ जिसमे नगर कार्यकारिणी का घोषणा किया गया। बैठक मे प्रमुख रूप स एबीवीपी बलौदाबाजार विभाग संयोजक राधेश्याम साहू व जिला संयोजक सुश्री अंजलिगिरी व नगर अध्यक्ष डिलेश्वर साहू मौजूद रहे। इस अवसर पर विभाग संयोजक राधेश्याम साहू ने कहा कि विश्व के सबसे बड़े राष्ट्रवादी छात्र संगठन एबीवीपी के माध्यम से देश समाज व संगठन के लिए कार्य करने का अवसर मिला रहा है पढ़ाई के साथ साथ हम घर,परिवार,समाज तथा राष्ट्र के लिए एक साथ काम करते हैं सर्व स्पर्शी, सर्व समावेशी स्वामी विवेकानंद जी को अपना आदर्श मानने वाला युवा कभी भी विचलित भयभीत नहीं हो सकता। नगर मंत्री भावेश नवरंगे ने अपने कार्यकाल में हुए सभी कार्यों की विस्तार से जानकारी दी। वही निर्वाचन अधिकारी द्वारा पुराने कार्यकारणी को भंग किया गया। जिला संयोजक सुश्री अंजलिगिरी ने नवीन नगर कार्यकारणी घोषणा की जिसमें नगर अध्यक्ष डिलेश्वर साहू,नगर मंत्र हिमांशु दीवान, सहमंत्री मेहुल सिंह, प्रतिम कुर्रे, विश्वा गुप्ता, कार्यालय मंत्री हिमेश साहू, महाविद्यालय प्रमुख अनीश सूर्यवंशी, विद्या. प्रमुख राहुल साहू, एसएफडी प्रमुख दिवाकर साहू, एसएफएस प्रमुख रश्मि चंद्राकार, रा. कला मंच प्रमुख दीप्ति मार्कण्डेय, सो.मीडिया प्रमुख प्रवीण साहू, जन. प्रमुख लोकेश साहू, एनएसएस प्रमुख हामेश साहू ,खेभा. प्रमुख कंचन साहू, एनसीसी प्रमुख मोनिका सपहा तथा नगर कार्यकारणी सदस्य कैलाश यादव ,साहिल बंजारे, हरीश कवर, मोनेश, तुकाराम को दायित्व प्रदान किया गया।



## बाल दिवस पर किया न्योता भोज, बांटे पकवान व फल



अभनपुर। मिडिल स्कूल बड़े उरला में पं.जवाहर लाल नेहरू जयंती को बालदिवस के रूप मे धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर बच्चो के लिए खेल प्रतियोगिता,सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे बच्चो ने बढचढ़ कर हिस्सा लिया विजेता प्रतिभागियो को उपस्थित अतिथि द्वारा कलम कॉपी भेंट कर प्रोत्साहित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप मे उपस्थित नीना तिवारी व आशीष तिवारी ने बच्चो को चाचा नेहरू के बारे मे विभिन्न विशेष संस्मरण की जानकारी दी साथ ही बच्चो को विभिन्न पकवान व फलो का न्योता भोज कराया। प्रधान पाठक पवन गुरुपंच, अध्यक्ष रामदास मिरी व सेवानिवृत्त व्याख्याता बीबी वर्मा ने बच्चो का मनोबल बढ़ाते कहा कि सब अपना लक्ष्य निर्धारित करे और जब तक लक्ष्य की प्राप्ति न हो तब तक हार नही मानना है एक दिन सफलता जरूर हासिल होगी। इस अवसर पर शाला प्रबंधन समिति के तृतीय त्रैमासिक बैठक भी संपन्न हुआ। इस दौरान सांस्कृ तिक सचिव नितेश यादव,क्रीडा सचिव प्रिंस टंडन, मीरा यादव,प्रेमलता साहू,पुरनेन्द्र पाल, एकलव्य साहू,इंदुप्रभा साहू,राजेश्वरी अंसारी,नेहा कुजूर,अरुणा सोरी,आरती यादव,विजयलक्ष्मी,फूलमणि व विद्यालयीन स्टाफ सहित पालकगण उपस्थिति रहे।

## आईएसबीएम यूनिवर्सिटी में विश्व मधुमेह दिवस मनाया



छुरा। आईएसबीएम यूनिवर्सिटी के फैकल्टी ऑफ़ हेल्थ एंड एलाइड साइंस, फार्मेसी विभाग के द्वारा विश्व मधुमेह दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चलचित्र पर माल्यार्पण करके किया गया। इस कार्यक्रम के संयोजक लुकेश्वरी वर्मा ने समस्त अध्यापकों एवं विद्यार्थियों के साथ विश्व मधुमेह दिवस किया गया इस कार्यक्रम में 45 से अधिक विद्यार्थियों और कर्मचारियों ने भाग लिया।स्कूल ऑफ साइंस के डीन डॉ. पी. विश्वनाथन ने बताया कि डायबिटीज बिमारी किस तरीके से विश्व को जकड़ रहा है उनको मुक्त करना हमारा लक्ष्य होना चाहिए। स्कूल आफ साइंसेज के विभागाध्यक्ष डॉ. पूनम वर्मा ने बताया कि की बेहतर दिनचर्या के माध्यम से डायबिटीज को कैसे रोका जा सकता है और बच्चों को खान-पान को सही समय पर खाना चाहिए। विश्व डायबिटीज दिवस पर प्रश्नोत्तरी कंपटीशन का आयोजन किया गया था जिसमें पायल यादव प्रथम पुरस्कार, मोहम्मद रेयान द्वितीय पुरस्कार, टिकेन्द्र साहू तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ विनय एम अग्रवाल, कुलपति डॉ. आनंद महलवार, कुलसचिव डॉ. बीपी भोल, छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ. शुभाषिस विश्वास, अकादमिक डीन डॉ. एनके स्वामी शामिल थे।







